चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 31.10.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना रैपुरा द्वारा कस्बा रैपुरा में,थाना बहिलपुरवा द्वारा ग्राम करकापडरिया में,थाना मारकुण्डी द्वारा ग्राम गोपीपुर में,थाना सरधुवा द्वारा सरधुवा स्कूल में,थाना मानिकपुर द्वारा रेलवे स्टेशन मानिकपुर पर,थाना कोतवाली कर्वी द्वारा पोस्ट ऑफिस कर्वी में,) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद चित्रकूट में "रन फॉर यूनिटी" (एकता की दौड़) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा हिन्दुस्तान पेट्रोल पंप, रेहुटिया से हरी झंडी दिखाकर किया गया।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसमूह को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे तथा देश की एकता और सुरक्षा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई गई।
"रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम में जनपद चित्रकूट के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण, रिक्रूट आरक्षी, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने "एक भारत-श्रेष्ठ भारत", "एकता का संकल्प" एवं "सरदार पटेल अमर रहें" जैसे नारों के माध्यम से वातावरण को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के रंग में सराबोर कर दिया।
कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं सामुदायिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान से जनमानस को प्रेरित करना रहा।
दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी
पुरुष वर्ग
प्रथम स्थान – आरक्षी सर्वजीत
द्वितीय स्थान – रिक्रूट आरक्षी अभिषेक
तृतीय स्थान – आरक्षी सुनील कुमार वर्मा
महिला वर्ग
प्रथम स्थान – महिला आरक्षी पूनम पटेल
द्वितीय स्थान – महिला आरक्षी माद्री तोमर
तृतीय स्थान – महिला आरक्षी अनामिका
जे.एम. पब्लिक स्कूल के छात्र वर्ग
प्रथम स्थान – आदर्श मिश्रा
द्वितीय स्थान – अंशू
तृतीय स्थान – अनूप
चतुर्थ स्थान – हर्षनयन
प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।
कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और अद्भुत नेतृत्व क्षमता से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि एकजुट भारत ही सशक्त भारत है। हम सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए।"

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय, क्षेत्राधिकारी फायर श्री यदुनाथ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव, प्रभारी साइबर/सोशल मीडिया सेल श्री विजय कुमार सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भी "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को सरदार वल्लभभाई पटेल जी के आदर्शों एवं राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया।
चित्रकूट पुलिस – राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध।

(3). आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन, उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए सभी को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।
इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय,क्षेत्राधिकारी यातायात/कार्यालय श्रीमती करिश्मा गुप्ता,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री पंकज तिवारी एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थानों में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 04 अभियुक्तों को 77 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
(i). उ0नि0 श्री राजेश कुमार मय हमराही आरक्षी शशिकोष तिवारी थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट द्वारा अभियुक्त रमेश पुत्र बिहारी निवासी दीपू कोलान थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट को 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मारकुण्डी थाना में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
(ii). उ0नि0 श्री कन्हैयालाल बक्श मय हमराही आरक्षी सतीश यादव थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट द्वारा अभियुक्त कुलदीप रावत पुत्र रामअवतार निवासी चुरेह कशेरुवा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को एक झोले में 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
(iii).उ0नि0 श्री गौरव तिवारी मय हमराह आरक्षी अजीजुद्दीन थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट द्वारा अभियुक्त सत्यनारायण पुत्र रामकिशोर निवासी जवाहर नगर ठेका पुरवा कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को एक झोलें में 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
(iv).उ0नि0 श्री चन्द्रमौल शर्मा मय हमराह आरक्षी रविप्रकाश थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट द्वारा अभियुक्त रितिक सिंह पुत्र हरीनारायण सिंह निवासी कनियाढ़ थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को एक झोलें में 23 क्वार्टर अवैध देशी शराब

नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना बरगढ़ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 राम अधार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 04 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.नान भईया पुत्र स्व0 नत्थू प्रसाद 2. रज्जू उर्फ सुनील पुत्र शिवधारी 3. मनीष पुत्र बजरंग 4. बजरंग पुत्र अर्जुन निवासीगण ग्राम बरमबाबा का पुरवा मजरा मबईकला थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 340/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 270/- रुपये बरामद किए गए।अभियुक्तो के विरुद्ध थाना मऊ में 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री राम अधार सिंह
2.आरक्षी संजू कुमार
3.आरक्षी आकाश
4.आरक्षी विकास कुमार
5. महिला आरक्षी सोनी मिश्रा

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री मती रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 कृष्ण कुमार राय एवं उनकी टीम द्वारा 07 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.राहुल आदीवासी पुत्र रामसंवारे 2.सदाशिव उर्फ कान्हा पुत्र स्व0 अमरनाथ 3. करन आदिवासी पुत्र शिवअवतार 4.सनी तिवारी पुत्र रामसूरत 5.प्रिंस कुमार उर्फ प्रशान्त पुत्र शिवदास 6.सुनील कुमार पुत्र स्व0 अमरनाथ 7.मूलेश्वर तिवारी पुत्र रामसूरत तिवारी निवासीगण कोलमजरा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 1910/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 630/- रुपये बरामद किए गए। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना बरगढ में 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार राय
2.आरक्षी उपेन्द्र
3.आरक्षी अंकित यादव
4.आरक्षी अभिषेक
5. आरक्षी उमेश कुमार

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अभयराज सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 रमेश कुमार मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा 04 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.शिवपूजनप पुत्र चुन्नीलाल 2.धमेन्द्र पटेल पुत्र छैलबिहारी 3.ज्ञानचन्द्र पुत्र रामकृपाल 4.अच्छेलाल पुत्र सुन्दरलाल निवासीगण मछरिया चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 750/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 2160/- रुपये बरामद किए गए। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना बरगढ में 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री रमेश कुमार मिश्र चौकी प्रभारी शिवरामपुर
2.आरक्षी विपिन कुमार
3.आरक्षी दुर्गेश कुमार
4.आरक्षी दीप प्रताप सिंह
5. आरक्षी दिलशाद खान

(8). आज दिनाँक 31.10.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर अधिवर्षता पूर्ण करने वाले उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री अनिल कुमार सिंह, , मुख्य आरक्षी श्री धीरेन्द्र कुमार सरोज(स0पु0),आरक्षी करन सिंह यादव (स0पु0) एवं ओ0पी0 चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी श्रीमती रामबाई की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक,मुख्य आरक्षी,आरक्षी एवं ओ0पी0 चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे पुलिसकर्मियों से कहा गया कि आज का यह अवसर भावुक भी है और प्रेरणादायक भी । विदाई केवल एक औपचारिक नहीं,बल्कि उन यादों,अनुभवों और रिश्तों का सम्मान है जो हमने मिलकर बनाएं है। सेवानिवृत होकर घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें,जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक बना रहें। पुलिस विभाग को दिए गए जीवन के इस समय का पुलिस विभाग आपका सदैव आभारी रहेगा। आपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं।
इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह ,प्रभारी साइबर/सोशल मीडिया सेल श्री विजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक आईजीआरएस श्री अशोक यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री पंकज तिवारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

(9). पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री दीपक कुमार एवं पैरोकार आरक्षी अमरेन्द्र प्रताप, प्रभारी मानिटरिंग सेल श्री कमल किशोर एवं उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी (न्यू) श्री राममणि पाठक द्वारा आज दिनांक 31.10.2026 को थाना मारकुण्डी में पंजीकृत मु0अ0सं0 128/2017 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्तगण 1.चौधरी उर्फ रजौला पुत्र शिवमंगल निवासी नौबस्ता थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट 2.शंकर कोल पुत्र भाईलाल निवासी मुटवन थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट

3.सोनू कोल पुत्र नत्थू कोल निवासी मुटवन थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट को 05 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 20,000-20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

(10). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय की उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एकता नगर (गुजरात) से प्रसारित "एकता परेड" का सीधा प्रसारण पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में देखा गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस भव्य परेड को देखा तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया गया।
इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों एवं चौकियों में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी की उपस्थित में ग्राणीमों के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस भव्य परेड को देखा तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया गया।